भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2485 का उत्तर

रेल टिकट की कीमतों में वृद्धि

2485. श्री विष्णु दयाल राम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को थ्री-टियर टिकट की औसत लागत की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान रेल टिकटों की कीमतों में हुई वृद्धि की जानकारी है और यदि हां, तो कीमतों में वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत दो वर्षों में रेलयात्रा में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या हाल ही में रेल टिकटों की कीमतों में वृद्धि का औसत यात्री के यात्रा-अनुभव पर कोई प्रभाव पड़ा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेल टिकट की कीमतों में वृद्धि के संबंध में दिनांक 15.03.2023 को लोक सभा में श्री विष्णु दयाल राम के अतारांकित प्रश्न सं. 2485 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में विवरण।

(क): गाड़ी सेवाओं के कोटिकरण के आधार पर एसी-3 टियर सवारी डिब्बों के लिए अलग-अलग किराया संरचनाएं हैं। गरीब रथ गाड़ियों में न्यूनतम मूल किराए वाले एसी-3 टियर हैं। मेल/एक्सप्रेस, राजधानी, दुरंतो, हमसफर आदि जैसी उच्च कोटि की गाड़ी सेवाओं के लिए मूल किराया अधिक है। इसके अलावा, फ्लेक्सी किराया राजधानी और दुरंतो गाड़ियों के एसी-3 टियर सवारी डिब्बों में लागू होता है, जिसमें मूल किराया मूल किराए से 1.4 गुना तक बढ़ जाता है।

(ख): रेल टिकटों के मूल किराये को अंतिम बार 01.01.2020 से युक्तिसंगत बनाया गया था, जिसमें तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया है। किराये में साधारण गैर-वातानुकूलित (अनुपनगरीय) में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, मेल/एक्सप्रेस गैर-वातानुकूलित श्रेणी में 2 पैसा प्रति किलोमीटर और वातानुकूलित श्रेणी में 4 पैसा प्रति किलोमीटर की मामूली वृद्धि की गई है। उपनगरीय और अनुपनगरीय दोनों के लिए उपनगरीय एकल यात्रा किराए और सीजन टिकटों में कोई वृद्धि नहीं की गई थी।

(ग): वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या क्रमशः 1250 मिलियन और 3519 मिलियन है। कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण 2020-21 में यात्रियों की संख्या में कमी आई है। बहरहाल, 2021-22 से यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

(घ) और (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

****